अमर उजाला 24/12/2023

एक मिनट तक एक साथ किया गीता पाठ

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में महाविद्यालय के पूर्व छात्र गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में गीता जयंती पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में एक साथ मिलकर गीता पाठ किया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि गीता जयंती पर इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य विश्व शांति सद्भाव, सर्वत्र सुख समृद्धि, पर्यावरण शुद्धि एवं राष्ट्रीय गौरव वृद्धि के लिए एक साथ जुड़कर शिक्षा के महत्व और इस पावन धरा के धरोहर को सहेजने का सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर में नियमित रूप से गीता का पाठ करने के निर्देश दिए। संवाद